आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने युवाओं का आह्वान किया है कि वे समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने, समाज में व्यापत भेदभाव को समाप्त करने और मानव सेवा की भावना को मजबूत करने में अग्रणी भूमिका निभाएं। राज्यपाल राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय शिमला में आयोजित स्वास्थ्य मंथन–2026 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि युवा न केवल देश का भविष्य हैं बल्कि आज की सबसे बड़ी ताकत भी युवाओं में निहित है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए युवाओं में जागरूकता, संवेदनशीलता और सक्रिय भागीदारी जैसे गुणों का होना आवश्यक है। राज्यपाल ने युवाओं से कहा कि वे प्रमाणिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का प्रसार करें, मिथकों और भ्रांतियों को चुनौती दें व लोगों को आवश्यकता पड़ने पर उचित स्वास्थ्य सेवाएं और परामर्श लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

हिंदी दिवस

आज देश भर में ह्रिदी दिवस मनाया गया। वर्ष 1949 में इसी दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को देश की आधिकारिक भाषा के तौर पर अपनाया था। आज हिन्दी दुनिया में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और 52 करोड़ से ज्यादा लोगों की पहली भाषा है। प्रदेश में राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह किन्नौर जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए किन्नौर के उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने इस मौके पर हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, भाषण, नारा लेखन और निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया।

जुर्माना

परिवहन विभाग के नॉर्थ जोन में यातायात नियमों की अनदेखी पर परिवहन विभाग सख्त हो गया है। विभाग के नॉर्थ जोन के उड़न दस्ते ने कांगड़ा, चंबा, ऊना और हमीरपुर जिलों में अप्रैल से अगस्त महीने के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी के लिए 3 हजार 97 चालान किए और एक करोड़ 13 लाख रूपए से अधिक का जुर्माना लगाया। उड़न दस्ते के आरटीओ असीम सूद ने कहा कि इसमें से 82 लाख 87 हजार रूपए से अधिक की राशि वसूली जा चुकी है। उन्होंने कहा कि परिवहन नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगामी दिनों में भी औचक निरीक्षण जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

गणेश चतुर्थी

आज पूरे देश में गणेश चतुर्थी का त्यौहार बहुत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन भगवान गणेश के जन्म का प्रतीक है, जो बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य के देवता हैं। दस दिनों तक चलने वाले उत्सव की शुरुआत का आज पहला दिन है। इस दौरान लोग अपने घरों में भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां स्थापित करते हैं और उनकी विशेष पूजा–अर्चना करते हैं। गणेश चतुर्थी के मौके पर राजधानी शिमला में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शहर के मिडल बाजार स्थित एमसी कॉम्प्लेक्स में भगवान श्री गणेश की

एक सौ 8 मूर्तियों की स्थापना की गई है। श्री सिद्धिविनायक सेवा मंडल ट्रस्ट के प्रधान आशुतोष ने कहा कि गणेश महोत्सव 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी तक चलेगा।

संग्रहालय

चंबा जिला के ऐतिहासिक भूरी सिंह संग्रहालय ने आज अपना 118वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर संग्रहालय परिषद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने पुरातन इतिहास और चंबा की लोक कला व संस्कृति के संरक्षण को लेकर अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर स्कूली छात्र छात्राओं ने भी संग्रहालय का भ्रमण किया। संग्रहालय के अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि 14 सितंबर 1908 को आज ही के दिन भूरी सिंह संग्रहालय की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा कि ये संग्रहालय पूरे प्रदेश की लोक कला व संस्कृति का एक जीवंत उदाहरण है। सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि विभिन्न राज्यों से आने वाले पर्यटकों के अलावा सालाना औसतन एक हजार 5 सौ से अधिक विदेशी पर्यटक भी इस संग्रहालय को देखने पहुंचते हैं।

---